सीबीएसई/निदे.(प्रशिक्षण एवं कौशल)/2020 परिपत्र सं.: शै. 45/2020

दिनांक : July 1 , 2020

**सेवा में**

**सीबीएसई से सम्बद्ध संस्थाओं के सभी प्रमुख**

**विषय: दीक्षा पर प्रयोगात्मक शिक्षण पर ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम.**

सीबीएसई की ओर से शुभकामनाएं !

जबकि हमारा देश कोविड-19 महामारी से लड़ रहा है, दुनिया भर के शिक्षाविदों ने महसूस किया है कि शिक्षा को एक ऐसी दुनिया के लिए कई कदम आगे ले जाना होगा जहां बच्चे आने वाली दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए भावनात्मक और शारीरिक रूप से कमजोर होंगे। इसके लिए हमें बच्चों के लिए 21वीं सदी के कौशल और दक्षताओं को सीखने के अवसर पैदा करने की आवश्यकता है जो आजीविका और कल्याण, दोनों ही के अनुरूप हों।

तदनुसार, स्कूलों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, टाटा ट्रस्ट के सहयोग से सीबीएसई ने शिक्षकों और स्कूल लीडरों के लिए प्रायोगिक **'अनुभवात्मक शिक्षण'** पर एक इंटरैक्टिव ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित किया है। यह पाठ्यक्रम अब दीक्षा में उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षण में शामिल बहु-संवेदी शिक्षण प्रक्रियाओं को साझा करना, अपने कक्षाओं में इसे लागू करने के लिए शिक्षकों को संवेदनशील बनाना और अधिगम को अधिक आनंदमय, चिंतनशील और बहुआयामी बनाना है।

इसलिए, सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के सभी प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि वे 9 सितंबर से शिक्षकों के साथ दीक्षा के इस निशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल हों।

**चरण 1:** निम्नलिखित लिंक : http://bit.ly/cbse-diksha पर क्लिक करते हुए अपने एंड्रायड फोन पर दीक्षा एप्लीकेशन डाउनलोड करें।

**चरण 2:** वर्तमान दीक्षा एकाउंट का प्रयोग करते हुए साइन-इन करें अथवा गूगल के माध्यम से साइन-इन करें **अथवा** ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हुए दीक्षा पर स्वयं को रजिस्टर करें।

**चरण 3क:** दीक्षा मोबाइल एप्लीकेशन का प्रयोग करते हुए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें:

Q3D5Y4

**अथवा**

**चरण 3ख:** दीक्षा मोबाइल एप्लीकेशन अथवा डेस्कटॉप/लैपटॉप वेब ब्राउज़र पर पाठ्यक्रम खोलने के लिए निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें: http://bit.ly/CompetencybasedEducation

पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले शिक्षक दीक्षा से कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकेंगे। और अधिक सुविधा के लिए, बोर्ड हब नेताओं/लीड सहयोगियों के लिए क्षेत्रीय-वेबिनार आयोजित करने की भी योजना बना रहा है, इसका विवरण संबंधित सीबीएसई - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा साझा किया जाएगा।

शिक्षक http://cbseacademic.nic.in/tt-2020.html. का अवलोकन करके सतत आधार पर सीबीएसई द्वारा प्रदान किए जा रहे ऑनलाइन प्रशिक्षण को भी एक्सेस कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लिखें : support@diksha-ncte.freshdesk.com.

**हमसे जुड़ें और नव परिवर्तन का भाग बनें**

Biswajit Saha

**(डॉ. विश्वजीत साहा)**
**(प्रशिक्षण एवं कौशल शिक्षा)**

**प्रतिलिपि:- नीचे निर्दिष्ट किये गये संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थाओं के प्रमुखों को उनके अधिकार-क्षेत्र के सभी संबंधित विद्यालयों को सूचना का प्रसार करने के अनुरोध के साथ प्रेषित:-**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, एसआईएस मार्ग, दिल्ली-110016.
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय संगठन, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा- 201309.
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार पुराना सचिवालय, दिल्ली -110054
4. अपर प्रमुख सचिव/प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानागर- 791111
5. अपर प्रमुख सचिव/प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
6. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054.
7. प्रधान सचिव (विद्यालय शिक्षा), संघ राज्यक्षेत्र सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़
8. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), अंडमान निकोबार द्वीपसमूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर
9. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), उड़ीसा सरकार
10. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), छत्तीसगढ़ सरकार
11. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), त्रिपुरा सरकार
12. प्रधान सचिव/सचिव (विद्यालय शिक्षा), हरियाणा सरकार
13. निदेशक जन अनुदेशन (विद्यालय) संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर-9, चण्डीगढ़-160017
14. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक सिक्किम-737101
15. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111
16. शिक्षा निदेशक, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर -744101
17. निदेशक, केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाज़ा, समुदाय केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी,दिल्ली
18. अपर सेना शिक्षा महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
19. अवर सचिव (ईई-), मासंविमं, भारत सरकार, एसईएंडआई विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001.
20. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय का एकीकृत मुख्यालय (सेना), एफडीआरसी भवन सं. 202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली कैंट-110010
21. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीयअधिकारी, इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को अनुपालन के लिए अपने संबंधित क्षेत्रों मे बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को प्रेषित किया जाए।
22. बोर्ड के सीओई के सभी प्रमुख, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को उनके संबंधित क्षेत्रों मे सीबीएसई से संबद्ध सरकारी विद्यालयों के प्रमुखों को प्रेषित करें।
23. प्रभारी आईटी एकक, इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई की शैक्षणिक वेबसाइट पर रखा जाए।
24. प्रमुख (जनसंपर्क), सीबीएसई
25. सचिव, निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), निदेशक (शैक्षणिक), परीक्षा नियंत्रण, निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण), निदेशक (व्यावसायिक परीक्षाएं), सीबीएसई
26. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के एसपीएस,सीबीएसई
27. निदेशक (शैक्षणिक) के एसपीएस,सीबीएसई
28. परीक्षा नियंत्रक के एसपीएस,सीबीएसई
29. निदेशक (प्रशिक्षण और कौशल शिक्षा) के एसपीएस,सीबीएसई
30. प्रभारी आईटी यूनिट को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई शैक्षणिक वेबसाइट पर रखें

**निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण)**